हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
नागपुर, गुरुवार, 19 दिसंबर 2024

मेट्रो सिटी

# वानाडोंगरी में दो गुटों के बीच गोलीबारी

## > नकली पिस्तौल होने का दावा

**नागपुर।** एमआईडीसी वानाडोंगरी परिसर में दो अपराधी गुटों के बीच हुए विवाद में गोली चलने की घटना ने पूरे इलाके में सनसनी मचा दी। यह घटना डी मार्ट के पास हुई, जहां झगड़े के बीच एक अपराधी ने पिस्तौल से हवाई फायर कर दिया। हालांकि, मामला दर्ज होने से बचने के लिए आरोपी बाद में नकली पिस्तौल का दावा करने लगे, लेकिन पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की धरपकड़ जारी है।

घटना 15 दिसंबर की रात करीब 11 बजे वानाडोंगरी परिसर में हुई, जब दो अपराधी गुटों के सदस्य योगेश और गोलू के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। झगड़ा बढ़ते ही एक आरोपी ने पिस्तौल निकालकर धमकी दी और हवाई फायर कर दिया। उसके बाद दोनों आरोपी धमकाते हुए मौके से फरार हो गए। गोली चलने की घटना से परिसर में अफरा-तफरी मच गई और इसकी जानकारी पुलिस को दी गई।

वारदात का पता चलते ही एमआईडीसी पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों आरोपियों को थाने ले आई। शुरू में दोनों आरोपियों ने मामला दर्ज होने से बचने के लिए आपस में सुलह करने की जानकारी दी, लेकिन पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। पुलिस के समक्ष आते ही दोनों आरोपी पिस्तौल को नकली बताने लगे और इसके साथ ही वे वही पिस्तौल पुलिस को सौंपने का दावा करने लगे। इस पर पुलिस ने पिस्तौल को कब्जे में लेकर उसकी असलियत जांचने के लिए फॉरेंसिक टीम को बुलाया। घटना के तुरंत बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया, लेकिन शीत सत्र के दौरान मामले की गति धीमी होने के कारण जांच में कोई खास प्रगति नहीं हो पा रही थी। वहीं, बुधवार सुबह इस घटना का सीसीटीवी फुटेज वायरल होने के बाद स्थिति पूरी तरह बदल गई। वायरल वीडियो में आरोपियों की गतिविधियां साफ देखी जा सकती थीं, जिससे पुलिस को आगे की कार्रवाई में मदद मिली।

**आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष टीम गठित**

पुलिस अब मामले की गहन जांच कर रही है और आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष टीम गठित की है। वारदात के समय वहां मौजूद लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी अपने आप को बचाने के लिए पिस्तौल को नकली बताने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# श्रमिकों ने विधान भवन पर निकाला विशाल मोर्चा

## > महाराष्ट्र सरकार के सामने रखी अपनी विभिन्न मांगें




**नागपुर।**

बुधवार को पांच हजार से अधिक श्रमिकों ने अपनी मांगों को लेकर विधानभवन पर विशाल मोर्चा के साथ दस्तक दी और अपनी मांगें राज्य सरकार के सामने राखी। इस दौरान श्रमिकों ने राज्य में बंद किया गया श्रमिकों का पोर्टल फिर से शुरू किया जाए, निर्माण श्रमिकों को पहले की तरह खुद से आवेदन दाखिल करने की सुविधा प्रदान की जाए, राज्य के 26 लाख श्रमिकों के लंबित आवेदन एक महीने से अधिक समय से लंबित हैं, इन्हें मंजूरी दी जाए, श्रमिक संगठनों को सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार निर्माण श्रमिकों के कार्य करने की अनुमति दी जाए, श्रम मंत्री द्वारा घोषित राज्य के 54 लाख निर्माण श्रमिकों को 5000 रुपये का अनुग्रह अनुदान तुरंत दिया जाए, श्रमिकों की घरकुल योजना प्रभावी ढंग से लागू की जाए और श्रमिकों को पेंशन दी जाए और अन्य लाभ प्रदान किए जाने कि मांग सरकार से की गई।

इस विराट मोर्चे का नेतृत्व निर्माण श्रमिक संगठन संयुक्त क्रियावली समिति के प्रमुख शंकर पुजारी, सहनिमंत्रक सागर तायडे, सहनिमंत्रक विनिता बाळेकुंद्री,राजकुमार होळीकर, प्रशांत रामटेके,गणेश उके,प्रशांत मेश्राम,आनंद भालेराव, काशिनाथ नखाते,विशाल बडवे,रत्नपाल डोफे,मंगेश माटे और नरेंद्र जारोंडे। इन सभी ने मार्गदर्शन किया।


इस मोर्चे के प्रतिनिधिमंडल ने महाराष्ट्र राज्य के मंत्री अतुल सावे को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें सरकार से मांग की गई कि निर्माण श्रमिकों को व्यक्तिगत मंडल में पंजीकरण कराने और लाभ प्राप्त करने का ऑनलाइन आवेदन करने का अधिकार दिया जाए, जैसा कि अन्य सरकारी सेवाओं में होता है। मंत्री अतुल सावे ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि जल्द ही श्रम मंत्री का चुनाव किया जाएगा और नागपुर अधिवेशन के बाद निर्माण श्रमिक संगठन संयुक्त क्रियावली समिति के साथ बैठक आयोजित की जाएगी।

इसके बाद मोर्चे की सार्वजनिक सभा में यह निर्णय लिया गया कि सर्वोच्च न्यायालय और राज्य सरकार के आदेशों के अनुसार निर्माण श्रमिकों को आवेदन दाखिल करने का अधिकार है। सभी जिलों में दो दिनों के भीतर पंजीकरण और कल्याणकारी लाभों के संबंध में संबंधित अधिकारी से संपर्क किया जाएगा। अगर वे ऐसा करने से मना करते हैं, तो महाराष्ट्र राज्य के श्रमिक आयुक्त और प्रधान सचिव से शिकायत की जाएगी।

साथ ही, यह भी तय किया गया कि सरकार ने 9 सितंबर 2014 को आदेश दिया था कि निर्माण श्रमिकों के सभी आवेदन एक महीने में निपटाए जाएं, लेकिन राज्य के 26 लाख निर्माण श्रमिकों के आवेदन पिछले एक वर्ष से लंबित हैं। इन्हें जल्द से जल्द मंजूरी दी जाए। मोर्चे की सभा का संचालन गणेश उके ने किया, जबकि प्रशांत रामटेके ने आभार व्यक्त किया।






### शीत सत्र को लेकर सभी दिखा रहा उत्साह...

**नागपुर में विधानसभा का शीत सत्र जारी है। शीत सत्र को लेकर जहां एक ओर नेताओं में उत्साह है, वहीं दूसरी ओर स्कूली छात्रों में भी शीत सत्र की जानकारी को लेकर उत्सुकता बढ़ी है। एक चित्र में डिफ्टी सीएम एकनाथ शिंदे अपने नेताओं से गुफ्तगू करते हुए। दूसरे चित्र में भाजपा नेता सुधीर मुनगंटीवार विधान भवन में प्रवेश करते हुए. तीसरे चित्र में स्कूली छात्र कतार में शीत सत्र की जानकारी प्राप्त करते हुए और चौथे चित्र में नागपुर के पवित्र दीक्षाभूमि पर तथागत भगवान बुद्ध एवं महामानव डॉ.बाबासाहब आंबेडकर को अभिवादन करते हुए अपने समर्थकों के साथ विधायक आदित्य ठाकरे।**

# जैन समाज अल्पसंख्यक आर्थिक विकास महामंडल का हो रहा विस्तार

## >महामंडल के महाराष्ट्र अध्यक्ष ललित गांधी ने दी जानकारी

**नागपुर।**



सोमवार को जैन अल्पसंख्यांक आर्थिक विकास महामंडल के अध्यक्ष ललित गांधी 15 दिसंबर को नागपुर पधारे थे। अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद पहली बार नागपुर आगमन हुआ था। सकल जैन समाज में काफी हर्ष था कि भारत सरकार द्वारा 75 वर्ष के इतिहास में पहली बार जैन समाज का अल्पसंख्यक आर्थिक विकास महामंडल महाराष्ट्र में स्थापित हुआ।

ललित गांधी ने सुबह आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज जी के निर्यापक मुनिश्री वीर सागर महाराज जी, 105 गुरुमति माताजी एवं सभी मुनि संघ के दर्शन कर कर आशीर्वाद लिया। इसी के साथ शाम को गुरु महाराज से चर्चा की और महाराष्ट्र विकास मंडल जैन समाज के लिए कैसे काम करता है वह विस्तार से बताएं। वे रात्रि में डॉ.रिचा राजकुमार जैन के निवास पधारे। वहां सकल जैन समाज की बैठक हुई, जिसमें ललित गांधी का सकल जैन समाज की द्वारा सभी संस्थाओं की तरफ से सम्मान किया गया।

इस अवसर पर ललित गांधी ने सभी को मार्गदर्शन किया। उन्होंने बताया कि यह काफी लंबा प्रयास है। सालों के प्रयास के बाद बीजेपी महाराष्ट्र ने पहले बीजेपी जैन प्रकोष्ठ की स्थापना 5 वर्ष पूर्ण पहले की। अब यह हमारे समाज के लिए बहुत गौरव की बात है कि भाजपा ने ही संपूर्ण भारत में प्रथम जैन समाज अल्पसंख्यक आर्थिक विकास मंडल महाराष्ट्र में बनाया। अब इनकी सोच के साथ यह विकास महामंडल मध्यप्रदेश, कर्नाटक, उत्तरप्रदेश और लगभग 6 प्रदेश में और बनने की पूरी संभावना है जो इस नई सरकार के साथ यह योजना आगे बढ़ेगी।

इसी के साथ उन्होंने यह बताया जैन आयोग जो महाराष्ट्र सरकार का बना है। इसमें सात प्रमुख बिंदु पर हमने प्राथमिकता दी है, जो सरकार ने हमको मान्यता प्रदान की है। सबसे पहले तो लगभग 100 करोड़ का फंड महाराष्ट्र गवर्नमेंट द्वारा और 50 करोड़ का फंड केंद्र सरकार द्वारा जैन आयोग को मंजूर हुआ है। जो फंड 31 मार्च 2025 तक हम साथ अलग-अलग योजनाओं में उपयोग करके इन फंड का मंजूरी दे सकते हैं।

# कचरा संकलन करने वाली कंपनी का टेंडर रद्द करें

**नागपुर।**



मध्य नागपूर के विधायक प्रविण दटके ने शहर में कचरा संकलन करने वाली कंपनी के खिलाफ आवाज उठाई है और उसका टेंडर रद्द करने की मांग की है। विधायक ने कहा कि कंपनी के कामकाज से शहरवासियों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कचरा संकलन में हो रही लापरवाही और अव्यवस्था के कारण नागरिकों को सफाई की गंभीर समस्याएं हो रही हैं, लेकिन नागपूर महानगर पालिका के आयुक्त का इस ओर कोई ध्यान नहीं जा रहा है। विधायक दटके ने आरोप लगाया कि आयुक्त इस मुद्दे को लेकर पूरी तरह से उदासीन हैं और शहर की सफाई व्यवस्था की स्थिति में कोई सुधार नहीं हो रहा है। उन्होंने आयुक्त के कामकाज पर सवाल उठाते हुए उनकी बदलने की मांग भी की है, ताकि शहर में सफाई व्यवस्था को सुधारने के लिए ठोस कदम उठाए जा सकें। इस मामले में विधायक ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है, ताकि शहरवासियों को साफ-सुथरी और स्वास्थ्यवर्धक वातावरण मिल सके।

# दो नाबालिग दुपहिया चोर लगे पुलिस के हाथ

## > चोरी के तीन वाहन भी मिले

**नागपुर।** शहर से दुपहिया वाहन चुराने वाले दो नाबालिग बालकों को जरिपटका पुलिस ने पकड़ा है। उनकी निशानदेही पर चोरी की तीन वाहन भी पुलिस ने बरामद किए हैं।



जानकारी के अनुसार 15 दिसंबर को शाम करीब 5 बजे के दौरान प्लॉट नंबर 52,स्नेहदीप कॉलोनी, गली नंबर 2 निवासी बॉल्टर डेनियल रेजिनॉल्ड (25) अपनी स्प्लेंडर गाड़ी क्रमांक एम एच 49 सी. बी.7673 से क्रिश्चियन कब्रिस्तान में गए हुए थे. इस दौरान पार्किंग से अज्ञात चोर उनकी स्प्लेंडर गाड़ी को चोरी कर ले गए थे. इसकी शिकायत उन्होंने पुलिस से की थी. जांच के दौरान ही सीसीटीवी फुटेज और गोपनीय जानकारी के आधार पर पुलिस ने एक नाबालिग को हिरासत में लिया । पूछताछ में उसने अपने नाबालिग साथी के साथ इस चोरी की वारदात को अंजाम देने की कबूली थी,जिसके बाद पुलिस ने इन दोनों बालकों को हिरासत में लेकर जब बारीकी से पूछताछ की तो उन्होंने पांचपावली पुलिस थाने के मोती बाग परिसर से मोपेड गाड़ी और हिंगना पुलिस थाना अंतर्गत

जामठा स्टेडियम के पास स्थित वस्ती से डेड महीना पहले एक अन्य स्प्लेंडर गाड़ी चोरी करने की जानकारी दी। जिसके बाद तीनों गाड़ियों को पुलिस ने उनकी निशानदेही पर बरामद किया है। इन गाड़ियों की कुल कीमत 180000 रुपए बताई जा रही है।

# नकाबपोश लुटेरों ने घर में डाला डाका

**नागपुर।** कपिल नगर पुलिस थाना अंतर्गत खसाला-मसाला के मां जगदंबानगर परिसर में नकाबपोश लुटेरों ने एक घर में डाका डालकर परिवार को आतंकित कर दिया। हथियारों की नोक पर पति-पत्नी और उनकी बेटी को धमकाते हुए आरोपियों ने करीब 14 लाख रुपये का माल लूट लिया। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और लूट की धाराओं में मामला दर्ज किया है, और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

घटना मंगलवार रात 2.30 बजे के करीब की है, जब राजेश छेदीलाल पांडेय (60), जो एक ट्रांसपोर्ट कंपनी में मैनेजर हैं, अपनी पत्नी और बेटी के साथ घर में सो रहे थे। अचानक उनकी पत्नी को कुछ आवाजें सुनाई दीं और उन्होंने देखा कि पांच नकाबपोश युवक चाकू और रॉड लेकर घर में घुसे हुए थे। आरोपियों ने घर में घुसते ही परिवार को धमकाते हुए जान से मारने की धमकी दी और उनके पास मौजूद कीमती सामान के बारे में पूछा।

आरोपियों ने राजेश और उनके परिवार को बेडरूम में बंद कर दिया और अलमारी के लॉकर से 164 ग्राम सोना, 6 लाख रुपये नकद, 250 ग्राम चांदी और अन्य कीमती सामान लूट लिया। इसके बाद, उन्होंने राजेश से उनकी स्कॉर्पियो की चाबी मांगी और घर के तीनों सदस्यों के 6 मोबाइल फोन भी लूटे। लुटेरे राजेश को कार में बंधक बनाकर उप्पलवाड़ी के नाका नंबर 2 के पास ले गए, जहां उन्हें गाड़ी से उतारकर हनुमान डेम के पास छोड़ दिया और फरार हो गए।

राजेश ने किसी तरह से हनुमान डेम तक पहुंचकर ट्रक चालक से मदद ली और पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू की, और पता चला कि आरोपियों ने घर की बाईं तरफ की खिड़की की ग्रिल निकालकर प्रवेश किया था। पुलिस को संदेह है कि इस वारदात को अंजाम देने के लिए आरोपियों ने पहले घर की रेकी की थी।

डीसीपी जोन 5 निकेतन कदम और अन्य आला अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस अब इस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश में क्राइम ब्रांच की तीन टीमों को तैनात किया गया है।






# मासोद और धनोली क्षेत्र में बोर अभयारण्य के लिए सफारी गेट की मांग तेज

**काटोल/कोंढाली.**

महाराष्ट्र के बोर बाघ अभयारण्य के आसपास के गांवों के किसान, गोपालक और चरवाहे बाघों और अन्य जंगली जानवरों के हमलों से परेशान हैं। बाघ अभयारण्य के कोंढाली और कारंजा (घा) वन क्षेत्र से सटे गांवों में लगातार मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं हो रही हैं।

ग्रामीणों की समस्या और आंकड़े कोंढाली और कारंजा क्षेत्र में अब तक 7 लोगों की मौत बाघ के हमले से हो चुकी है।, बीते वर्ष, कोंढाली क्षेत्र में 87 से 92 पशुओं का शिकार हुआ।, किसानों को अपनी फसल बचाने में भारी समस्या हो रही है।, सफारी गेट की मांग क्यों?, ग्रामीणों का मानना है कि बोर अभ्यारण्य के बफर जोन में सफारी गेट बनने से: पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।, युवाओं को रोजगार मिलेगा।, बाघों के हमलों में कमी आएगी।, मानव-वन्यजीव संघर्ष में सुधार होगा। कोंढाली वन क्षेत्र और कारंजा (घा) क्षेत्र के मासोद, कामठी, धनोली, कावडीमेट, खापा, बोरगांव जैसे कई गांवों के निवासी इस समस्या से जूझ रहे हैं।

क्षेत्रीय विधायक चरण सिंह ठाकुर ने इस मुद्दे पर वन विभाग, राज्य के वन मंत्री और जिलाधिकारी के साथ संयुक्त बैठक की मांग की है। उन्होंने इस क्षेत्र में नए सफारी गेट निर्माण के लिए योजना बनाने का आग्रह किया है। पेंच टाइगर रिजर्व की क्षेत्र संचालक लक्ष्मी का कहना है कि वन्यजीव संरक्षण और क्षेत्र के पोषक तत्वों का अध्ययन करने के बाद ही सफारी गेट निर्माण पर निर्णय लिया जाएगा।




### ग्रामीणों का समर्थन

इस मांग का समर्थन क्षेत्र के किसान अनुराग रोटकर, केशव धुर्वे, योगेश चाफले, रामदास मरकाम, और अन्य किसान नेताओं ने किया है। उनका कहना है कि इस कदम से न केवल किसानों और पशुपालकों की समस्याओं का समाधान होगा, बल्कि वन्यजीव संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। बोर बाघ अभ्यारण्य के आसपास सफारी गेट निर्माण से स्थानीय लोगों की समस्याओं का समाधान होगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। अब यह देखना होगा कि सरकार और वन विभाग इस दिशा में क्या कदम उठाते हैं।

## विदर्भ रैंकिंग कैरम स्पर्धा का उद्घाटन

**नागपुर.** स्व. पं. बच्छराज व्यास तथा स्व. प्रभाकर दटके की स्मृति में विदर्भ रैकींग कॅरम स्पर्धा का उद्घाटन रामजीवन चौधरी क्रीड़ा संकुल, फव्वारा चौक, गाड़ीखाना, नागपुर में किया गया। उद्घाटन समारोह के दौरान पं. बच्छराज व्यास और प्रभाकर राव दटके की प्रतिमाओं पर पुष्पार्पण और दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संजय भेंडे (अध्यक्ष, नागपुर नागरिक सहकारी बैंक) तथा भाजपा महाराष्ट्र प्रदेश उपाध्यक्ष उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त, प्रमुख अतिथि के रूप में प्रमोद (बापु) चिखले, वरिष्ठ नगरसेवक भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में अखिल भारतीय कॅरम असोसिएशन के संरक्षक एवं पूर्व विधायक गिरीश व्यास, विदर्भ कॅरम असोसिएशन के मानद सचिव प्रभजीत सिंह बछेर, समर्पण सेवा समिति के सचिव नरेश जुम्मानी, उपाध्यक्ष महेन्द्र गुप्ता तथा कई अन्य कॅरम प्रेमी उपस्थित थे।

## उमरेड कीं पटवारी एसीबी के जाल में फंसी

**उमरेड.**

जंगली जानवरों ने किसान के खेत में लगी फसल को नुकसान पहुंचाया. उन्होंने वन विभाग में शिकायत दर्ज कराई और नुकसान भरपाई के लिए फसल क्षेत्र दर्ज करने का आग्रह उमरेड तहसील कार्यालय में कार्यरत महिला पटवारी से किया. पटवारी ने इसकी ऐवज में किसान से 3,000 रुपये बतौर रिश्वत मांगे.

किसान ने इसकी शिकायत एसीबी से की. तद्नुसार उमरेड तहसील कार्यालय में कार्यरत महिला पटवारी रूपाली अरविंद मानकर (28) को 2,000 रुपये रिश्वत के रूप में लेते एंटी करप्शन ब्यूरो ने मंगलवार को रंगे हाथों पकड़ा तथा इस कार्य में उसकी मदद करने वाले युवक को भी हिरासत में लिया गया.

शिकायतकर्ता म्हसाला तह. उमरेड के युवा किसान की फसल को जंगली जानवरों ने नुकसान पहुंचाया था. इसके लिए वन विभाग से आर्थिक हरजाना प्राप्त करने के लिए वन विभाग उमरेड में शिकायतकर्ता को आवेदन करना था जिसके लिए गांव नमूने पर सन् 2024-25 के फसल क्षेत्र की विस्तृत जानकारी दर्ज कराने के लिए पटवारी रूपाली अरविंद मानकर (28) से विनती की गई थी.

इसके उसने 3,000 रुपए रिश्वत मांगी व फिर 2,000 रुपए लेना मंजूर किया. पीड़ित किसान से आरोपी आशीष गुलाबराव देशमुख (32) नवेगांव तह. उमरेड निवासी ने पैसे लेकर पटवारी रूपाली मानकर को दिये, ठीक उसी समय दोनों को एसीबी ने रंगेहाथों पकड़ लिया.

# माया चवरे की माताजी के निधन पर शोक व्यक्त करने पहुंचे आबू आसिम आज़मी

**कामठी.**



समाजवादी पार्टी (सपा) महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष व विधायक आबू आसिम आज़मी ने रणाला स्थित सपा महिला सभा महाराष्ट्र अध्यक्ष व कामठी नगर परिषद पूर्व अध्यक्ष माया चवरे के निवास पहुंचकर उनकी माताजी, स्वर्गीय लीला नामदेव चवरे के निधन उपरांत तेरहवीं कार्यक्रम पर गहरा शोक व्यक्त किया है. आबू आसिम आज़मी ने माया चवरे से मुलाकात कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की और परिवार के प्रति संवेदना प्रकट कीं. उन्होंने कहा कि इस परिवार के साथ मेरा गहरा जुड़ाव रहा है, और मैं खुद को इस परिवार का एक सदस्य मानता हूं. उन्होंने कहा कि आज हमने एक अभिभावक को खो दिया है, जिसकी कमी कभी पूरी नहीं हो सकेगी.

उपरोक्त कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के पुणे शहर अध्यक्ष जामवंत मनोहर, प्रदेश उपाध्यक्ष टी. एच.खान, प्रमुख महासचिव परवेज़ सिद्दीकी, प्रदेश महासचिव अनीस अहमद (पुणे), प्रदेश सचिव राहुल गायकवाड़, प्रदेश सचिव इज़हार अली, प्रदेश सचिव जंगबहादुर यादव, प्रदेश सचिव यूनुस खान, प्रदेश सचिव डॉ. सुरकर, मुलायम ब्रिगेड ताज मोहम्मद, नागपुर शहर अध्यक्ष शर्माजी, नागपुर जिला अध्यक्ष धुर्वे, युवजन नागपुर शहर अध्यक्ष सोनू पठान सहित खंजरी वादक सत्यपाल महाराज, पूर्व विधायक देवराव रड़के, कृषि उत्पन्न बाज़ार समिति के कामठी संचालक व मुंबई नियमन सभापति हुकुमचंद आमधरे, पूर्व उपसभापति प्रमोद उर्फ बाबा महल्ले पाटील, शिवसेना नागपुर जिला संगठक राधेश्याम हटवार, पंचायत सरपंच पूर्व उपसभापति कमलाकर मोहोड़, गुरुदेव सेवा मंडल के प्रा. टेकड़ेदादा, रूपराव बाघ, गुरुकुंज मोझरी के वैद्यजी, नागपुर शहर अध्यक्ष सुनील येवले, कांग्रेस वरिष्ठ नेता केशवराव गवते, राकांपा यवतमाल प्रभारी अफजलभाई, आसिफ पठान बुलढाणा, दारूबंदी संगठना नेता रजनीकांत, आसिफ़ पठान, नदीम भाई, सलीम भाई, कामठी नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष नीरज यादव, पूर्व उपाध्यक्ष राजेश दुबे, पूर्व उपाध्यक्ष शाहिदा कलीम अंसारी, पूर्व नगरसेवक तिलक गजभिये, पूर्व नगरसेविका दुर्गा अच्छेवार, तेली समाज कामठी तालुका उपाध्यक्ष हरिहर गायधने, ग्राम पंचायत सदस्य व पत्रकार सुनील चलपे, पत्रकार निलेश रावेकर, पत्रकार नितीन रावेकर, पत्रकार मनोज नगरकर, प्रवीण रंगारी, गौतम रंगारी, हर्षल ढोके आदि गणमान्य व्यक्ति प्रमुखता से शामिल हुए.

## संतोष गायकवाड ने उप सचिव अन्न नागरिक पुरवठा विभाग को सौंपा ज्ञापन



**नागपुर.**

नागपुर शहर कांग्रेस राशन दुकानदार सेल की ओर से रणजीत सिंह देवल प्रधान सचिव अन्न नागरिक पुरवठा विभाग को नागपुर शहर कांग्रेस राशन दुकानदार सेल का एक शिष्टमंडल संतोष गायकवाड उपसचिव अन्न नागरिक पुरवठा विभाग के माध्यम से राशन दुकानदारों को पोस्ट मशीन से होने वाली दिक्कतों को लेकर आए दिन राशन दुकानदार व राशन कार्डधारकों से तकरार होती रहती है इन सब समस्या को लेकर विस्तार से चर्चा की गई पोस मशीन के कार्य जो एजेंसी को दी गई है व एजेंसी को तत्काल तौर पर हटाने की मागं नागपुर शहर कांग्रेस राशन दुकानदार सेल ने की है. गायकवाड़ ने शिष्टमंडल को आश्वासन दिया है कि राशन दुकानदारों को पोस्ट मशीन के माध्यम से होने वाली परेशानियां से जल्दी निजात दी जाएगी पोस्ट मशीन में एन.आई. सी. के माध्यम जल्दी ही नए सर्वर की सुविधा देगी इस अवसर पर अतीक कुरेशी (अध्यक्ष नागपुर शहर कांग्रेस राशन दुकानदार सेल) मोहम्मद शकील अख्तर (गुड्डू) ओमप्रकाशशाहिर आदि उपस्थित थे.

## भीम आर्मी के प्रशांत बंसोड ने की सामाजिक न्याय उपायुक्त पर कार्रवाई की मांग



सामाजिक न्याय और विशेष सहायता विभाग के अंतर्गत नागपुर के तत्कालीन सहायक आयुक्त और अब क्षेत्रीय उपायुक्त बाबासाहेब देशमुख नागपुर में बहुत अन्याय कर रहे हैं.

उपरोक्त आरोप लगाते हुए नागपुर तिलक पत्रकार भवन में व्यक्त करते हुए कहा कि तत्कालीन सहायक आयुक्त के माध्यम से सरकार की विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन सही ढंग से नहीं किया गया. साथ ही कई पिछड़े वर्ग, अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्रों को इससे शैक्षणिक नुकसान हुआ है.

उन्होंने यह भी कहा कि इसी तरह की अनियमितताएं करने और पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों का शैक्षणिक वर्ष खराब करने के लिए तत्कालीन साम्प्रदायिक सहायक आयुक्त बाबासाहेब देशमुख को शासन द्वारा क्षेत्रीय है और वर्तमान में वह क्षेत्रीय उपायुक्त के पद पर कार्यरत हैं. अधिकतम छात्रों का शैक्षणिक वर्ष, यह मामला प्रशासनिक एवं वित्तीय दृष्टिकोण से अनुचित एवं गंभीर है. तत्कालीन सहायक आयुक्त बाबासाहेब देशमुख महाराष्ट्र सिविल सेवा अनुशासन और अपील नियम, 1979 के प्रावधानों के तहत महाराष्ट्र सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1979 के नियम 3 के उल्लंघन, कर्तव्य में लापरवाही और नुकसान पहुंचाने के लिए प्रशासनिक कार्रवाई के लिए उत्तरदायी है. पिछड़ा वर्ग के छात्रों को न्याय दिलाने हेतु भीम आर्मी के प्रशांत बंसोड़ ने विभागीय जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है. पत्रकार परिषद में भीम आर्मी के प्रशांत बंसोड, पंकज नारनवरे, तुषार गायकवाड़, नेहा राऊत आदि प्रमुखता से मौजुद रहें.

## एनएसडीसी इंटरनेशनल और फिजिक्सवाला ने किया बिग का शुभारंभ

**नागपुर.**




नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन इंटरनेशनल (एनएसडीसी इंटरनेशनल) और फिजिक्सवाला (पीडब्लू), जो एक एडटेक कंपनी है, ने मिलकर एक पहल शुरू की है जिसे भारत इनोवेशन ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड (बिग) के नाम से जाना जाएगा। यह पहल भारत को एक वैश्विक शिक्षा केंद्र में बदलने के विजन की ओर एक बड़ा कदम है। बिग का प्रमुख उद्देश्य शिक्षा को कार्यक्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाना है, ताकि शिक्षा और रोजगार के बीच की दूरी को कम किया जा सके। यह काम तकनीक आधारित और उद्योग से जुड़े शिक्षण तरीकों के जरिए किया जाएगा. ज्ञात हो कि बिग का लक्ष्य अलग-अलग उम्र और जरूरतों वाले लोगों को सीखने के मौके देना है. इसमें स्कूलों में 11वीं और 12वीं कक्षा से ही कौशल सिखाना शुरू किया जाएगा, ताकि छात्र शुरू से ही नौकरी के लिए तैयार हो सकें। यह पहल इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (आईटीआई), पॉलिटेक्निक, कॉलेज के छात्रों और कामकाजी लोगों तक भी पहुंचती है, जिससे हर किसी को सीखने का मौका मिले. बिग सरकारी क्षेत्र के कर्मचारियों की क्षमता बढ़ाने को भी प्राथमिकता देता है, ताकि उनकी कौशल और ज्ञान को आधुनिक शासन की बदलती मांगो के साथ संगठित किया जा सके. यह पहल ऑनलाइन कोर्स की इजाजत देने वाले यूजीसी के नए नियमों और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के साथ मेल खाती है.



## नवनियुक्त मंत्री आशीष का किया स्वागत

**वाडी.**

(सं) रामटेक निर्वाचन क्षेत्र के पूर्व संसद विधायक कृपाल तुमाने, हिंगना विधानसभा शिवसेना सह संपर्क प्रमुख दिवाकर पाटणे ने महाराष्ट्र शासन के नवनियुक्त मंत्री नामदार एडवोकेट आशिष जयस्वाल से मुलाकात कर अभिनंदन व स्वागत किया. इस अवसर पर शिवसेना जिला प्रमुख विनोद सातंगे, संदीप इटकेलवार, शुभम नवले, सहसंपर्क प्रमुख चंद्रहास राऊत, सुरेंद्र गिरी उपस्थित थे. चर्चा दरम्यान रामटेक सह हिंगना विधानसभा तथा पुरे जिले में शिवसेना के संघटनात्मक प्रगती हेतू तथा जनता की समस्या व को दूर करणे हेतू कार्य करणे का उन्होने भरोसा दिलाया. राजकीय स्थिरता प्रदान होते ही पुरे जीले मे शिवसेना पदाधिकारीयो के साथ चर्चा करणे का भी मनोगत व्यक्त किया.

## संगीतमय सुंदर कांड पाठ का हुआ आयोजन



**कामठी.**

### > श्रद्धालु भक्ति-भाव में डूबे

गंज के बालाजी मंदिर ट्रस्ट की तरफ से मंदिर सभागृह में सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया. इसमें कथा वाचक आचार्य राममूर्ति महाराज ने लोगों को सुंदर कांड पाठ का श्रवण कराया.

आचार्य राममूर्ति महाराज ने कहा कि जहां भी सुंदर कांड पाठ होता है, वहां का वातावरण शुद्ध और भक्तिमय हो जाता है, सुंदरकांड सुनने से मनुष्य के आत्मिक एवं भौतिक ज्ञान का विकास होता है। विश्व में सभी जगह सुंदरकांड की महिमा है. आचार्य राममूर्ति महाराज ने भजन भी गाया साथ ही भक्तिमय गीतों को सुनाकर सभी को सराबोर कर दिया. इस दौरान महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने सामूहिक सुंदरकांड का पाठ किया.

सुंदरकांड सुनने से मनुष्य के आत्मिक एवं भौतिक ज्ञान का विकास होता है. सुंदरकांड पाठ के समापन पर मंदिर समिति द्वारा पूजा अर्चना कर भोग लगाया गया. तत्पश्चात महाआरती कर महाप्रसाद का वितरण किया गया. कार्यक्रम दौरान मंदिर के ट्रस्टी डॉ.राजेंद्र अग्रवाल, रामकिशन खंडेलवाल, श्रीकिशन अग्रवाल, राजेश उर्फ लाला खंडेलवाल, राजेश शर्मा, ईश्वर सिंह सीरिया, महेंद्र वाही, तेजराज जैन, मनीष बाजपाई, गोपाल गंगवानी, संदेश जोपट, सिम्मी धवन, श्रीमती हेमलता अग्रवाल सहित सैकडो श्रद्धालु उपस्थित रहे.

# अप्रैल में हो सकते हैं नागपुर मनपा के चुनाव

### > 22 जनवरी को होगी न्यायालय में सुनवाई

नागपुर. रघुनाथसिंह लोधी .दो वर्ष से मनपा चुनाव का इंतजार कर रहे लोगों के लिए राहत की खबर है। अप्रैल में मनपा के लिए चुनाव हो सकते हैं। 22 जनवरी 2025 को उच्चतम न्यायालय में सुनवाई होगी। उसके बाद चुनाव की तैयारी शुरू हो जाएगी। सोमवार को विधानसभा में नगर परिषद पदाधिकारियों का कार्यकाल बढ़ाने संबंधी विधेयक पर चर्चा में मंत्री उदय सामंत ने साफ किया है कि 22 जनवरी 2025 को न्यायालय में सुनवाई के बाद स्थानीय निकाय संस्था के चुनाव की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। ओबीसी आरक्षण के कारण राज्य में 146 में से 105 निकाय संस्थाओं के चुनाव लंबित हैं।

सत्तापक्ष के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि मनपा चुनाव के लिए अधिक अड़चन नहीं रहेगी। न्यायालय का निर्णय सकारात्मक ही रहेगा। फरवरी व मार्च में विद्यालय, महाविद्यालय की परीक्षाएं रहती हैं। लिहाजा मनपा सहित अन्य निकाय संस्थाओं के चुनाव के लिए अब परीक्षाएं ही एक तरह से बाधा हैं। महायुति के तीनों प्रमुख दलों के नेताओं में इस विषय पर आरंभिक चर्चा हो चुकी है। विधानमंडल का शीतकालीन अधिवेशन समाप्त होने के बाद निकाय चुनाव की तैयारी की हलचल शुरू हो सकती है। सत्तापक्ष व विपक्ष के लोग इस बात पर सहमत हैं कि निकाय संस्थाओं में लंबे समय तक प्रशासक रखना ठीक नहीं है। पदाधिकारियों के नहीं रहने से प्रशासन पर नियंत्रण कम हो जाता है। जनसमस्याएं बढ़ती हैं। राज्य चुनाव आयोग के सूत्र ने कहा है कि फिलहाल मनपा या नगर परिषद चुनाव की तैयारी नहीं है, लेकिन न्यायालय के निर्णय के बाद जल्द ही तैयारी कर ली जाएगी। राज्य में ओबीसी आरक्षण के विषय को लेकर जिन स्थानीय निकाय संस्थाओं में प्रशासक राज चल रहा है, उनमें नागपुर, मुंबई, पुणे, नाशिक, ठाणे सहित 25 से अधिक महानगर पालिका शामिल हैं। नागपुर मनपा के लिए फरवरी 2017 में चुनाव हुए थे। फरवरी 2022 में कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी चुनाव नहीं हो पाए हैं। ओबीसी आरक्षण का मुद्दा न्यायालय में लंबित है। मनपा, नगर परिषद व अन्य स्थानीय निकाय संस्थाओं में सदस्यों की संख्या, वार्ड व प्रभाग रचना, वार्ड व प्रभाग में सदस्य संख्या का निर्णय राज्य चुनाव आयोग लेगा। न्यायालय के निर्णय के बाद कम से कम 3 माह चुनाव तैयारी के लिए लगेंगे।



# सकल जैन समाज ने किया ललित गांधी का सम्मान

### > जैन समाज के विकास में नई पहल

**नागपुर.**

जैन अल्पसंख्यक आर्थिक विकास महामंडल के महाराष्ट्र अध्यक्ष ललित गांधी के नागपुर आगमन पर सकल जैन समाज ने उनका भव्य सम्मान किया। यह उनके अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार नागपुर आगमन का अवसर था।

ललित गांधी ने बताया कि यह भारत सरकार द्वारा जैन समाज के लिए 75 वर्षों के इतिहास में पहली बार हुआ है कि अल्पसंख्यक आर्थिक विकास महामंडल महाराष्ट्र में स्थापित किया गया है। यह भाजपा के प्रयासों का परिणाम है, जो अब अन्य राज्यों में भी विस्तार की संभावना रखता है।

इस अवसर पर डॉ. रिचा राजकुमार जैन के निवास पर आयोजित बैठक में प्रमुख समाज बंधुओं ने उपस्थिति दर्ज की और ललित गांधी को पूर्ण समर्थन देने का वादा किया। इस बैठक में बीजेपी जैन प्रकोष्ठ के महाराष्ट्र उपाध्यक्ष प्रशांत मानेकर, विदर्भ जैन संघटना के चेयरपर्सन रजनीश जैन, पुलक मंच चेतना मंच के राष्ट्रीय संगठन मंत्री मनोज बंड, महावीर विद्या निकेतन के अध्यक्ष नरेश जैन सहित अन्य प्रमुख सदस्य मौजूद थे। डॉ. रिचा जैन ने सभी उपस्थितों का आभार व्यक्त किया और इस योजना को अधिक से अधिक जरूरतमंदों तक पहुंचाने की अपील की।



### विकास महामंडल की मुख्य योजनाएं

1. 100 करोड़ का फंड महाराष्ट्र सरकार और 50 करोड़ केंद्र सरकार से मंजूर।
2. **विहार व्यवस्था:** साधु-साध्वियों के लिए भवन निर्माण।
3. **पुराने जैन मंदिरों का विकास:** आवश्यक कार्यों के लिए प्रोजेक्ट रिपोर्ट पर अनुदान।
4. **शिक्षा सहायता:** वार्षिक आय ₹ 8 लाख से कम वाले छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए लोन।
5. **आवास योजना:** बिना ब्याज के घर बनाने के लिए लोन।
6. **स्टार्टअप लोन:** युवाओं को 30 लाख तक का लोन व ब्याज सब्सिडी।
7. **महिलाओं के लिए विशेष सहायता:** ₹ 1 लाख तक का ब्याजमुक्त लोन। विधवाओं व तलाकशुदा महिलाओं को ₹3000 मासिक सहायता।
8. **शिक्षण संस्थाओं के लिए सहायता:** स्कूल बनाने के लिए कम ब्याज दर पर लोन।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 189-8 | 669-1 |
| श्रीदेवी नाईट | 790-6 | 140-5 |
| प्रभात | 116-8 | 248-4 |
| प्रभात नाईट | 190-0 | 690-5 |
| डायमंड | 570-2 | 126-9 |
| मेन बाजार | 260-8 | - |
| मिलन डे | 139-3 | 138-2 |
| मेन रतन | 167-4 | 556-6 |
| कल्याण | 679-2 | 667-9 |
| राजधानी डे | 245-1 | 127-0 |
| राजधानी नाईट | 990-8 | - |
| कुबेर डे | | |
| डायमंड नाईट | 229-3 | 280-0 |

# सड़क निर्माण में मुरुम के बजाय डाल दी मिट्टी

> बिरसी से परसवाड़ा तक उड़ती धुल से हर कोई परेशान

**गोंदिया.**

गोंदिया तहसील अंतर्गत ग्राम परसवाड़ा से बिरसी रोड़ निर्माण का कार्य शुरू है। इस मार्ग का निर्माण करते समय मार्ग पर मुरूम के बजाय मिट्टी डाली गई है। जिससे इस मार्ग से आवागमन करते समय नागरिकों को धूल खाते हुए जाना पड़ रहा है। इस समस्या को एक माह का समय बीत चुका है। बावजूद समस्या के समाधान के लिए किसी ने भी अपने कदम नहीं बढ़ाए हैं।

मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनाई जा रही सड़क में मुरूम की जगह मिट्टी डाली गई। यह ग्रामीण जनता में चर्चा का विषय होते जा रहा है। वहीं दूसरी ओर आवागमन करते समय बड़े वाहनों के जाने से जो धूल उड़ती है। उससे आगे का व्यक्ति दिखाई नहीं दे रहा है।

ऐसे में इस मार्ग पर आवागमन करते समय दुर्घटना होने की संभावना को भी नकारा नहीं जा सकता। इतना ही नहीं तो निर्माण कार्य को देखते हुए ग्रामीणों की माने तो यहां भ्रष्टाचार की बू आ रही है। ऐसे अनेक सवाल जन सामान्य नागरिकों में चल रहे है। निर्माण कार्य की विभाग द्वारा जांच की जानी चाहिए व मार्ग अच्छे दर्जे का बनना चाहिए।

ऐसी मांग परिसर के नागरिक को द्वारा की जा रही है। बता दें कि यह मार्ग महाराष्ट्र शासन के मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना भाग 2 अंतर्गत 2022- 23 में मंजूर हुआ है। जिसे 1.53 करोड़ रुपए में बनाया जाना है। मार्ग से परसवाड़ा, चिरामनटोला, कटंगटोला, बड़गांव के ग्रामीणों सहित भारत आरक्षित बटालियन के पुलिस कर्मचारियों द्वारा प्रतिदिन इस मार्ग पर आवागमन किया जाता है।

लेकिन मार्ग की धुल ने सभी को परेशानी में डाल दिया है। धुल के कारण स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां निर्माण हो रही है। बताया जा रहा है कि मार्ग निर्माण की गति कछुआ गति से चल रही है।

**दुर्घटनाओं में किसी का पैर टूटा तो किसी का हाथ**

वर्ष भर में बिरसी से परसवाड़ा मार्ग पर अनेक स्थानों पर दुर्घटनाएं हुई। जिसमें किसी का पैर तो किसी का हाथ भी टूटा और अब ऐसी इस परिस्थिति में धूल भरे मार्ग से गुजरना अर्थात दुर्घटना को न्योता देने जैसा हो गया है। यहां तक कि साइकिल चालक विद्यार्थी भी इस सड़क पर दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं। मिट्टी डालने के कारण उड़ रही धूल से मार्ग पर आवागमन करना बड़ा ही मुश्किल साबित हो रहा है। ऐसे मे संबंधित विभाग को ध्यान देना चाहिए। ऐसी मांग ग्रामीणों ने की है।



# पीयूष हावलादार ने जिता राष्ट्रीय कांस्य पदक

**वर्धा.**



जिले के जाने-माने एवं प्रसिद्ध कराटे एथलीट, साथ ही स्पोर्ट शोतोकान कराटे-डो एसोसिएशन ऑफ इंडिया के ब्लैक बेल्ट, चैंपियन टीम के सदस्य एवं कराटे डो स्पोर्ट्स एसोसिएशन वर्धा जिले के चैंपियन पीयूष सुजीत हावलादार ने स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया, वर्धा द्वारा आयोजित कराटे प्रतियोगिता में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर नागपुर क्षेत्रीय प्रतियोगिता में अपना स्थान सुरक्षित किया। उन्होंने राष्ट्रीय अंतर-विद्यालय कराटे खेल प्रतियोगिता में भी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपना स्थान सुरक्षित किया।

अंतर स्कूल राष्ट्रीय कराटे खेल प्रतियोगिता का आयोजन 9 से 13 दिसंबर 2024 तक स्थान त्यागराज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स नई दिल्ली में किया गया था, जिसमें भारत ज्ञान मंदिरम में पढ़ने वाले कक्षा 11 के छात्र पीयूष हावलादार ने अंडर 17 लड़कों के 74 से 78 किलोग्राम भार वर्ग में महाराष्ट्र का प्रतिनिधित्व करके कांस्य पदक प्राप्त किया। पीयूष अंडर-17 बालक वर्ग में पदक पाने वाले महाराष्ट्र के एकमात्र एथलीट बने। एसजीएफआई के राष्ट्रीय पदक के साथ दिल्ली से वर्धा लौटने पर उनके परिवार द्वारा मंगलवार 17 दिसंबर 2024 को वर्धा मुख्य रेलवे स्टेशन टिकट घर के सामने एक स्वागत रैली का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर वर्धा जिले के कई कराटे कोच, जन प्रतिनिधि, वरिष्ठ नागरिक, सामाजिक संगठनों के संचालक, सामाजिक कार्यकर्ता और खेल प्रेमियों ने राष्ट्रीय एथलीट पीयूष हावलादार को शुभकामनाएं देने के लिए रैली में भाग लिया और जीत का जश्न मनाया.

पीयूष हावलादार ने लगभग दस वर्षों के बाद इंटर-स्कूल नेशनल कराटे गेम्स में पदक जीतने के लिए वर्धा जिले की सफलता का श्रेय अपने मुख्य कोच शिहान मंगेश भोंगाड़े और माता-पिता को दिया। इस बड़ी सफलता के लिए कराटे जिला, राज्य, राष्ट्रीय संघ के पदाधिकारियों और प्रशंसकों की ओर से बधाईयां मिल रही हैं।

# हिंगनघाट में 56 ग्राम पंचायत सरपंच पदों का आरक्षण पूरा



**हिंगणघाट.**

56 ग्राम पंचायतों के आगामी आम चुनाव के लिए सरपंच पदों का आरक्षण 18 दिसंबर को उपविभागीय कार्यालय के सभागृह में संपन्न हुआ। यह प्रक्रिया तहसीलदार योगेश शिंदे और तहसीलदार सागर कांबले की उपस्थिति में आयोजित की गई। आरक्षण प्रक्रिया के तहत अनुसूचित जाति की 10 में से 5 सीटें महिलाओं के लिए और अनुसूचित जनजाति की 5 में से 3 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की गईं। नामाप्र श्रेणी में 11 में से 6 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की गईं, जबकि सामान्य श्रेणी में 30 में से 15 सीटें महिलाओं को आरक्षित की गईं। आरक्षण प्रक्रिया में तालुका की कई ग्राम पंचायतों के नागरिकों ने भाग लिया। यह आरक्षण कार्यक्रम निर्वाचन आयोग के नियमानुसार आयोजित किया गया। ग्राम पंचायतों का कार्यकाल समाप्त हो चुका है, और नए आरक्षण के साथ चुनावी प्रक्रिया का आगाज होगा। हालांकि, इस आरक्षण ने कई दावेदारों की उम्मीदों को तो बढ़ाया है, लेकिन अधिकांश उम्मीदवार निराश नजर आए।

# विधायक डॉ. पंकज भोयर की तिहरी जीत की पूर्ति : देवढे

**वर्धा.**

विधायक डॉ. पंकज भोयर की तिहरी जीत के उपलक्ष्य में नालवाड़ी क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता तुषार देवढे और उनके मित्र परिवार ने श्री सिद्ध हनुमान मंदिर, दत्तपुर में भव्य महाप्रसाद और सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। यह आयोजन 16 दिसंबर को मनोहर धाम श्री सिद्ध हनुमान मंदिर में आयोजित किया गया।

सत्र के पहले दिन होने के कारण डॉ. पंकज भोयर कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सके, लेकिन उनकी ओर से डॉ. राजेंद्र भोयर (चेयरमैन, सेलेक्शन कॉलेज वर्धा) ने इस धार्मिक आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति दर्ज कराई।



आयोजन में शिव पंचायत स्थापना, यज्ञ, और मंदिर के प्रवेश द्वार पर स्टाइल मार्बल का निर्माण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुंदरकांड पाठ, यज्ञ पूजन और महाआरती के साथ हुआ। महाप्रसाद के साथ भक्तों को अन्नदान का लाभ भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर भाजपा महाराष्ट्र के महासचिव दिनेश वरटकर, महिला शहर प्रमुख शीतल डोंगरे, चेतना कांबले, अर्चना देवढे, रश्मी मोराने सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान तुषार देवढे ने अपने स्वागत भाषण में विधायक डॉ. पंकज भोयर की तिहरी जीत को जनता की जीत बताते हुए मंदिर निर्माण और सौंदर्यीकरण के लिए संकल्प पूरा करने का श्रेय दिया।

कार्यक्रम की सफलता में बालू वसु, मनोज आत्राम, विठ्ठल चौधरी, संदीप चौबे, अमोल हांडे, अनिल भिसे, चेतन शिंदे, नीलूभाऊ रुद्रकार, सचिन देवढे, प्रवीण डोड और अन्य सहयोगियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

यह आयोजन क्षेत्र में सामाजिक और धार्मिक भावना को प्रबल करने का एक आदर्श उदाहरण बना।

# सुने घर में चोरों ने लगाई सेंध, 2.32 लाख का माल उड़ाया

> शहर पुलिस थानांतर्गत विवेकानंद कालोनी में घटित हुई घटना

**गोंदिया.**

गोंदिया शहर पुलिस थानांतर्गत आनेवाले विवेकानंद कालोनी निवासी पत्रकार कपिल कृष्णराव केकत (45) के सुने घर में अज्ञात चोरों ने सेंध लगाकर सोने-चांदी के आभूषण एवं नगद राशि मिलाकर लाखों रुपए के माल पर हाथ साफ कर दिया। यह घटना 16 दिसंबर को घटित हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार कपिल केकत अपने परिवार के साथ भांजे की शादी में शामिल होने के लिए नागपुर गए हुए थे। इसी दौरान चोरों ने उनके सुने मकान में ताला लगा देख उनके घर के सामने के दरवाजा का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया तथा उनके एवं उनके भाई के घरों में सेंध लगाई। उनके घर से 30 ग्राम सोने का मंगलसूत्र, 10 ग्राम का एक मंगलसूत्र, 6 ग्राम के सोने के टॉप्स, 5 ग्राम की सोने की चैन, सोने की बिस्कुट, पुखराज की एक सोने की अंगुठी, सोने की एक नथ, 10 नग चांदी के सिक्के, चांदी की कटोरी एवं 6 हजार 500 रुपए नगद मिलाकर कुल 2 लाख 32 हजार 600 रुपए के माल पर हाथ साफ कर दिया। आरोपियों ने दो मोटर साइकिलें भी चुराकर ले जाने का प्रयास किया।



लेकिन एक शुरु नहीं होने के कारण उसे वहीं छोड़ दिया, जबकि दूसरी मोटर साइकिल को कुछ दूरी पर जाकर रास्ते में ही छोड़ दिया। कपिल केकत की रिपोर्ट पर गोंदिया शहर पुलिस ने अपराध क्रमांक 785/2024, भारतीय न्याय संहिता की धारा 331, (3), 331, (4), 305 के तहत मामला दर्ज किया है। इस मामले की जांच सहायक पुलिस निरीक्षक धीरज राजुरकर कर रहे हैं। चोरों ने इस दौरान कालोनी के ही एक अन्य घर में भी चोरी का प्रयास किया। लेकिन वे सफल नहीं हो पाए। इस चोरी की जानकारी मिलते ही शहर पुलिस थाने के पुलिस निरीक्षक किशोर पर्वते ने घटना स्थल पर पहुंचकर जायजा लिया। जांच के लिए श्वान पथक भी लाया गया। इस मामले को गंभीरता से लेकर पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

# पुलिस विभाग के श्वान लुसी ने रजत एवं जैक ने जीता कांस्य पदक

**गोंदिया.**




पुलिस महासंचालक रश्मि शुक्ला, अपराध अन्वेषण विभाग के अपर पुलिस महासंचालक प्रशांत बुरडे एवं पुलिस अधीक्षक पल्लवी बर्गे के मार्गदर्शन में 7 से 12 दिसंबर के दौरान राज्य आरक्षित पुलिस बल गट रामटेकड़ी पुणे में 19वां पुलिस कर्तव्य मेला 2024 आयोजित किया गया था। इस मेले में महाराष्ट्र राज्य के गढ़चिरोली, नागपुर, अमरावती, संभाजीनगर, कोल्हापुर, मुंबई, पुणे, ठाणे परिक्षेत्र के अंतर्गत आनेवाले जिलों ने विविध स्पर्धाओं में भाग लिया। जिसमें प्रमुखता से पुलिस बल में कार्यरत श्वानों की विविध स्पर्धा आयोजित की गई थी। जिसमें राज्य के 20 जिलों के श्वान शामिल हुए थे। इसमें गोंदिया जिला पुलिस दल में कार्यरत पुलिस पथक गोंदिया के श्वान लुसी एवं जैक भी शामिल हुए थे। इस आयोजन में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करते हुए श्वान लुसी ने रजत एवं जैक ने कांस्य पदक प्राप्त कर गोंदिया जिला पुलिस बल का गौरव बढ़ाया है। पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे, अपर पुलिस अधीक्षक नित्यानंद झा, पुलिस उपअधीक्षक (मुख्यालय) नंदिनी चानपुरकर ने श्वान पथक गोंदिया के प्रभारी अधिकारी पुलिस उपनिरीक्षक सतीश सिरीया, श्वान लुसी के प्रभारी पुलिस हवलदार विजय ठाकरे एवं श्वान जैक के प्रभारी पुलिस हवलदार रॉबिनसन साठे का अभिनंदन किया है।

# परभणी की घटना को लेकर विविध संगठनों ने जताया आक्रोश

**गोंदिया.**

राज्य के परभणी शहर में स्टेशन रोड़ परिसर में जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष स्थित डा. बाबासाहब आंबेडकर की प्रतिमा के पास लगी संविधान की सीमेंट से बनी प्रतिकृति को नुकसान पहुंचाकर अपमानित करने की घटना का निषेध करते हुए जिले में अनेक संगठनों ने प्रशासन को निवेदन सौंपे हैं और घटना का निषेध करते हुए दोषी सिरफिरे पर कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

उसी प्रकार इस घटना के बाद हुई हिंसा के मामले में गिरफ्तार किए गए परभणी निवासी सोमनाथ व्यंकट सूर्यवंशी (35) की न्यायालयीन हिरासत में हुई मृत्यु की गहराई से जांच कर संबंधितों पर उचित कार्रवाई की मांग की है।

आज सड़क अर्जुनी में बौद्ध समाज की ओर से तहसीलदार अक्षय पोयाम को निवेदन सौंपा गया। इस अवसर पर विदेश टेंभुर्णे, भाग्यवान शहारे, रुपचंद खोब्रागड़े, जयंत शहारे, बिरला गणवीर, आर.वी. मेश्राम, प्रा. राजकुमार भगत, भोजराज रामटेके, शामराव बडोले, ओमप्रकाश टेंभुर्णे, सावन सहारे, पुण्यशील कोटांगले, संघराज कानेकर, ओमप्रकाश टेंभुर्णे, प्रमोद वैद्य, राहुल गणवीर उपस्थित थे। उसी प्रकार भाकपा की ओर से भी गोंदिया में मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक निवेदन उपविभागीय अधिकारी को सौंपा गया। निवेदन में मृतक सोमनाथ सूर्यवंशी के परिवार को 25 लाख रुपए की आर्थिक मदद देने और कानून व्यवस्था संभालने में लापरवाही बरतनेवाले प्रशासकीय अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग की गई।


इस अवसर पर हौसलाल रहांगडाले, मिलिंद गणवीर, रामचंद्र पाटील, करुणा गणवीर, प्रल्हाद उके, परेश दुरुगवार, घनश्याम गजभिये एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। इसी तरह वंचित बहुजन आघाड़ी जिला गोंदिया की ओर से जिलाध्यक्ष प्रा. सतीश बंसोड़ के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन उपविभागीय अधिकारी गोंदिया को सौंपा गया। बहुजन समाज पार्टी की ओर से भी 17 दिसंबर को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक निवेदन उपविभागीय अधिकारी कार्यालय में उपविभागीय अधिकारी चंद्रकांत खंडाईत को सौंपा गया। इस अवसर पर बसपा के जिलाध्यक्ष सुनील भरणे, स्मिता उके, धर्मशीला शेंडे, ज्योत्सना मेश्राम, शिशुपाल बंसोड़, अमोल गजभिये, संदीप मेश्राम, प्रवीण कांबले, भूषण मेश्राम, छोटू बोरकर, योगराज डोंगरे, जुगलकिशोर डोंगरे सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# वधू-वर परिचय मेलावा का आयोजन

**हिंगनघाट.**

संताजी जनसेवा मंडल के तत्वावधान में आगामी फरवरी 2025 में सर्व शाखीय तेली समाज के वधू-वर परिचय मेलावा का आयोजन किया जा रहा है।

आधुनिक जीवनशैली और सामाजिक संपर्कों में आई कमी के चलते, समाज बंधुओं को योग्य वधू-वर का चयन करने में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसी समस्या के समाधान के रूप में वधू-वर परिचय मेळावा समय की मांग बन गया है। इसी उद्देश्य से संताजी जनसेवा मंडल ने इस मेलावे का आयोजन किया है।पिछले दस वर्षों से इस मेलावे का नियमित आयोजन किया जा रहा है, और इस वर्ष भी इसे बड़े स्तर पर आयोजित करने की तैयारी है। इस आयोजन के साथ-साथ एक वधू-वर परिचय स्मरणिका भी प्रकाशित की जाएगी, जिसमें सभी प्रतिभागियों की जानकारी उपलब्ध होगी। इस स्मरणिका के लिए वधू-वरों से उनके परिचय पत्र और फोटो के साथ आवेदन मांगे गए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 15 जनवरी 2025 तय की गई है। इच्छुक उम्मीदवार अपने दस्तावेज़ भुषण पिसे, कार्तिक जनरल स्टोअर, बिडकर कॉलेज के पास, फोन नंबर 9764270955 पर जमा करा सकते हैं। मेळावे की तिथि और स्थल की जानकारी जल्द ही सार्वजनिक की जाएगी।



# 114 प्रकल्पग्रस्त किसानों को 16 वर्षों से मुआवजे का इंतजार

**गोंदिया.**

गोंदिया जिले के सालेकसा तहसील के देवछाया लिफ्ट जल सिंचाई योजना का निर्माणकार्य महाराष्ट्र शासन ने 100 करोड़ रुपए की निधि से करने की योजना बनाई थी। इस योजना के लिए कोटरा ग्राम के 114 किसानों की 4 हेक्टेयर से लेकर 10 हेक्टेयर तक जमीन अधिग्रहित की गई थी। इस बात को 16 वर्ष की अवधि बीत चुकी है, लेकिन अब तक प्रकल्प में जिन किसानों की जमीन गई, उन्हें मुआवजे के तौर पर एक रुपया भी नहीं मिला है। शासन, प्रशासन के साथ ही जनप्रतिनिधियों द्वारा भी इस ओर ध्यान नहीं दिए जाने के कारण कोटरा के लगभग 114 किसान अभी भी दयनीय अवस्था में जीवनयापन कर रहे हैं। उन्होंने इस संबंध में बार-बार प्रशासन एवं अधिकारियों के पास मुआवजा दिलाने के लिए दस्तावेजों के साथ निवेदन किया। लेकिन उनकी न्यायोचित मांग पर ध्यान देने के बजाय अधिकारियों द्वारा उनके टालमटोलपूर्ण उत्तर दिए जा रहे हैं। गोंदिया जिले की सालेकसा तहसील आदिवासी बहुल होने के साथ-साथ नक्सल प्रभावित क्षेत्र में आती है। यहां के 70 से 80 प्रतिशत किसान आज भी केवल खेती पर ही निर्भर है। वर्ष 2009 में प्रकल्प के लिए किसानों की जमीन अधिग्रहित की गई थी। इसके बाद आमगांव-देवरी विधानसभा क्षेत्र से 4 विधायक और 3 सांसद चुने जा चुके हैं। उनके साथ ही पालकमंत्री, जिलाधिकारी, मंत्रालय के सचिव, कार्यकारी अभियंता, तहसीलदार, जलसंधारण कार्यालय, जिला भूसंपादन विभाग के पास स्थानीय किसानों ने लगातार पत्र व्यवहार कर अपनी जमीन के मुआवजे की मांग की। लेकिन आज भी कोई कार्रवाई नहीं होने के कारण वे शासकीय कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं। निर्वाचित विधायक कह रहे हैं कि 114 किसानों के मुआवजे का प्रश्न वे नागपुर विधानसभा के शीतकालीन सत्र में उठाएंगे। यह जानकारी स्थानीय किसानों ने पत्रकार परिषद में दी। विशेष उल्लेखनीय बात यह है कि पिछले 16 वर्ष में अनेक अधिकारी बदले जा चुके हैं, लेकिन किसानों की फाइल आगे नहीं बढ़ सकी है। किसानों ने प्रकल्प के लिए गई जमीन का मुआवजा न मिलने की स्थिति में श्रृंखलाबद्ध अनशन और धरना आंदोलन करने की चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि इस दौरान कोई जनहानि हुई तो, इसके लिए प्रशासन ही पूरी तरह जिम्मेदार रहेंगा। पत्र परिषद में आत्माराम भांडारकर, हरिचंद्र डोये, किशोर मड़ावी, रमेश भुते, छबीलाल धुर्वे, प्रल्हाद मड़ावी, अशोक मड़ावी, टेमलाल मड़ावी, राधेश्याम मड़ावी सहित अन्य किसान उपस्थित थे। इस संबंध में जलसंधारण विभाग के कार्यकारी अभियंता राऊत से भ्रमणध्वनि पर उनकी प्रतिक्रिया जानने के लिए संपर्क किया गया, तो उन्होंने मैं सभा में हूं कहते हुए फोन काट दिया।




# गर्भलिंग निदान केंद्र खोलना है तो आवश्यक अनुमति जरुरी

> जिला शल्य चिकित्सक ने ली समीक्षा बैठक

**गोंदिया.**

गर्भलिंग निदान केंद्र शुरु करते समय सरकार द्वारा गर्भलिंग प्रतिबंधक कानून में (पीसीपीएनडीटी) किए गए प्रावधान के अनुसार आवश्यक दस्तावेजों की पूर्तता करना आवश्यक है। जिससे जिले में अनुमति देते समय इन सभी शर्तों की पूर्तता करना आवश्यक है। ऐसे विचार जिला शल्य चिकित्सक डा. अमरीश मोहबे ने व्यक्त किए। शासन के गर्भलिंग निदान प्रतिबंधक कानून अंतर्गत केटीएस जिला सामान्य अस्पताल के जिला शल्यचिकित्सक के कक्ष में आयोजित जिलास्तरीय सहलाकार समिति की बैठक में वे बोल रहे थे। इस समय अतिरिक्त जिला शल्य चिकित्सक डा. तृप्ती कटरे, निवासी चिकित्सा अधिकारी डा. बी.डी. जायस्वाल, रेडियोलॉजिस्ट डा. घनश्याम तुरकर, महिला रोग विशेषज्ञ डा. पदमिनी तुरकर, डा. योगेश नासरे, कानूनी सलाहकार एड. बिना बाजपेई, सहायक जिला सूचना अधिकारी कैलाश गजभिये, सामाजिक कार्यकर्ता डा. सविता बेदरकर व जगन्नाथ राऊत उपस्थित थे।



इस बैठक में कुल 7 प्रस्तावों पर चर्चा की गई। जिसमें नए पंजीयन के 3 प्रस्ताव एवं नूतनीकरण के 4 प्रस्तावों का समावेश था।

नए से पेश किए गए प्रस्तावों में से आवश्यक दस्तावेजों की पूर्तता किए गए ईव्हा डायग्नॉस्टीक्स एंड मल्टीस्पेशालिटी डेंटर केअर गणेशनगर गोंदिया व अल्फा सीटी स्कैन सेंटर अवंती चौक गोंदिया के प्रस्ताव को मान्यता दी गई। वहीं जनहितकारी डायग्नॉस्टिक सेंटर नगर पंचायत देवरी के प्रस्ताव में त्रुटी होने से आवश्यक दस्तावेजों को दुबारा पेश करने की सूचना दी गई।

उसी प्रकार नूतनीकरण के अपेक्स सोनोग्राफी सेंटर गोंदिया, सोनोव्युव्ह सोनोग्राफी सेंटर गोंदिया, चित्तरका सोनोग्राफी सेंटर गोंदिया व रहांगडाले सोनोग्राफी सेंटर तिरोड़ा इन चार प्रस्तावों को 5 वर्ष के लिए मान्यता दी गई है।

# एफडीए कर्मचारियों की कमी से स्वास्थ्य सुरक्षा पर संकट

> खाद्य विक्रेताओं पर कार्रवाई के नियम, लेकिन अमल में लाचारी

**गोंदिया.**

गोंदिया जिले की आबादी लगभग 14 लाख तक पहुंच गई है। लेकिन आम जनता के स्वास्थ्य से सीधे जुड़े अन्न एवं औषधि प्रशासन विभाग के पास कर्मचारियों की कमी होने के कारण नियमों का उल्लंघन करनेवाले हजारों खाद्य विक्रेताओं के उपर कार्रवाई नहीं हो पा रही है। विभाग द्वारा शिकायत मिलने पर कार्रवाई की प्रक्रिया अवश्य पूरी की जाती है। लेकिन कर्मचारियों के अभाव में संपूर्ण जिले में सतत निगरानी कर कार्रवाई का अभियान चलाने में विभाग अपने आप को लाचार महसुस कर रहा है। विभ्गा में गोंदिया जिले के लिए केवल एक सहायक आयुक्त और एक अन्न निरीक्षक उपलब्ध है। इतना ही नहीं तो विभाग के पास स्वयं का वाहन तक नहीं है। गौरतलब है कि नियमों के अनुसार जो खाद्य पदार्थ विक्रेता बिना पंजीयन अथवा लाइसेंस के खाद्य पदार्थों की बिक्री करते हैं, उनके खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में प्रकरण दाखिल करने की व्यवस्था है। ऐसे दुकानदारों के लाइसेंस निलंबित भी किए जा सकते हैं। खाद्य पदार्थ विक्रेताओं को चाहे वह टपरियों पर, सड़क पर खाद्य पदार्थ बिक्री करते हो अथवा दुकानों में सभी के लिए एफडीए में पंजीयन कराना और लाइसेंस लेने के साथ ही समय-समय पर लाइसेंस का नूतनीकरण करना भी आवश्यक है। खाद्य पदार्थों के सामने उनके उपर बेस्ट बीफोर लिखना भी जरुरी है। लेकिन इस तरह के नियमों का किसी भी होटल अथवा प्रतिष्ठानों में पालन होता दिखाई नहीं पड़ता है। वर्ष में 12 लाख से कम टर्नओवर करनेवाले दुकानदारों को मात्र 100 रुप में पंजीयन कर खाद्य पदार्थ बिक्री की अनुमति दी जाती है। जबकि इससे अधिक टर्नओवर वाले दुकानदारों को यह फुड लाइसेंस 2 हजार रुपए में दिया जाता है। बिना लाइसेंस के दुकान चलानेवालों पर आर्थिक दंड एवं कारावास जैसी कार्रवाई करने का भी प्रावधान है। नियमों के अनुसार खाद्य पदार्थ विक्रेताओं को अपने लाइसेंस अपने प्रतिष्ठान के दर्शनीय स्थान पर लगाना आवश्यक होता है।



**नियमों की अनदेखी पर विभाग की सुस्ती**

इस नियम का भी अधिकांश स्थानों पर पालन होता दिखाई नहीं पड़ता है। विशेष रूप से शहर की सड़कों पर सैकड़ों की तादाद में हाथठेलों पर भी खुले में खाद्य पदार्थ बिक्री किए जाते हैं एवं सामान्य नागरिक इन्हें खरीदते भी है। लेकिन कोई भी यह देखने की जहमत नहीं उठाता कि जिस दुकान से वह खाद्य पदार्थ खरीद रहा है, उसके पास संबंधित विभाग का खाद्य पदार्थ बिक्री की अनुमति है भी या नहीं? अनेक बार कोई समस्या निर्माण होने पर अचानक विभाग को जाग आती है। लेकिन रुटीन कार्रवाई के लिए भी विभाग को हमेशा सतर्क रहकर काम करने की आवश्यकता है।

# ऑनलाइन बिजली बिल भरें और इनाम जीतें

## > महावितरण की लकी डिजिटल ग्राहक योजना शुरू

**नागपुर.**

ऑनलाइन बिजली बिल भरने वाले ग्राहकों को प्रोत्साहित करने के लिए महावितरण ने लकी डिजिटल ग्राहक योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत 31 मार्च 2024 के बाद लगातार तीन बार ऑनलाइन बिल भरने वाले ग्राहक स्मार्टफोन और स्मार्टवॉच जैसे आकर्षक इनाम जीत सकते हैं।

यह योजना उन लघु दबाव बिजली उपभोक्ताओं के लिए है जिन्होंने 1 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक एक भी बार बिजली बिल का भुगतान नहीं किया या कभी ऑनलाइन भुगतान का विकल्प नहीं चुना। ग्राहकों को 1 जनवरी 2025 से 31 मई 2025 तक लगातार तीन महीने या उससे अधिक समय तक ऑनलाइन माध्यम से बिल का भुगतान करना होगा।

**लकी ड्रॉ कब और कैसे?**



महावितरण हर उपविभाग स्तर पर अप्रैल, मई और जून 2025 में लकी ड्रॉ आयोजित करेगा। हर महीने 5 विजेताओं को स्मार्टफोन और स्मार्टवॉच दी जाएंगी।

**ऑनलाइन भुगतान कैसे करें?**

ग्राहक नेट बैंकिंग, डेबिट/क्रेडिट कार्ड, यूपीआई, वॉलेट, QR कोड, NEFT, RTGS जैसे किसी भी ऑनलाइन माध्यम से बिल का भुगतान कर सकते हैं।

**यह जरूरी है**

**बिल की न्यूनतम राशि ₹ 100 होनी चाहिए।**

### डिजिटल भुगतान के फायदे

महावितरण ग्राहकों को 0.25% डिजिटल बिल भुगतान छूट भी दे रहा है। इस योजना का उद्देश्य ग्राहकों को डिजिटल पद्धति से भुगतान करने के लिए प्रेरित करना है। महावितरण ने कहा है कि वर्तमान में 70% से अधिक ग्राहक ऑनलाइन बिजली बिल का भुगतान कर रहे हैं। इस योजना के जरिए इस प्रतिशत को और बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। तो देर न करें, आज ही ऑनलाइन बिजली बिल भरें और इनाम जीतने का मौका पाएं!

**लकी ड्रॉ में शामिल होने के लिए बकाया ₹10 से कम होना चाहिए। एक ग्राहक केवल एक ही इनाम के लिए पात्र होगा।**

## नसीम खान ने बाबा ताजुद्दीन की दरगाह में पेश की चादर



**नागपुर.**

महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सीडब्ल्यूसी सदस्य आरिफ नसीम खान ने आज बाबा ताजुद्दीन की दरगाह पर चादर पेश की और देश में अमन भाईचारा कायम रहे इसके लिए दुआएं मांगी इस अवसर पर ताजा बाद शरीफ के सेक्रेटरी राजा भाई, शकूर नागनी, अतीक कुरैशी, अरशद अहमद, मुख्तार अंसारी, इजहार अंसारी, हाजी समीर आदि उपस्थित थे.



# सावनेर शहर की विकास योजना का मार्ग प्रशस्त

## > डॉ.देशमुख और पोतदार की पहल पर विधान भवन में हुई बैठक

**नागपुर।** सावनेर नगरपालिका की संशोधित विकास योजना (डीपी प्लान) और सावनेर संशोधित जल आपूर्ति योजना आदि दो महत्वपूर्ण विषयों पर बुधवार को चर्चा हुई। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस और शहरी विकास विभाग के प्रधान सचिव असीम गुप्ता के साथ सावनेर-कलमेश्वर क्षेत्र के विधायक डॉ.आशीष देशमुख और डॉ.राजीव पोतदार की पहल पर विधान भवन में बैठकें हुईं।

सावनेर शहर की उन्नत विकास योजना भारत सरकार के कोयला विभाग द्वारा अनुपालन नहीं किये जाने के कारण पिछले 20 वर्षों से अवरुद्ध थी। क्योंकि शहर का 80 प्रतिशत हिस्सा कोयले से भरा हुआ है। पिछले 20 वर्षों से नगरपालिका कई बार पत्राचार और बैठकें कर चुकी है, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। हालाँकि, बुधवार की बैठक सकारात्मक रही। महाराष्ट्र सरकार अपने स्तर पर सावनेर विकास योजना तैयार करने की प्रक्रिया शुरू करेगी और अगले छह महीनों में प्रक्रिया शुरू करने का वादा किया गया। वहीं सावनेर शहर की 95 करोड़ की उन्नत जलप्रदाय योजना की प्रशासनिक स्वीकृति के लिए कार्रवाई शुरू करने के आदेश मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने दिए। इसके लिए विधायक डॉ. आशीष देशमुख का दमदार प्रदर्शन शुरू हो गया है। सावनेर शहर के विकास योजना का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

## सरकारी अस्पताल में सोनोग्राफी केंद्र बंद

**सौंसर.**

सौसर शहर के सरकारी अस्पताल में लंबे समय से सोनोग्राफी केंद्र बंद पड़ा हुआ है, क्योंकि यहां पर कोई डॉक्टर तैनात नहीं किया गया है। सोनोग्राफी मशीन भी धूल खाती हुई बंद पड़ी है, जिससे मरीजों को गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

विशेष रूप से महिलाओं को अधिक खर्च करके निजी सोनोग्राफी सेंटर पर जाकर सोनोग्राफी करवानी पड़ रही है, जो उनके लिए एक बड़ी आर्थिक बोझ बन चुका है। यह स्थिति जनप्रतिनिधियों की अनदेखी का परिणाम है, जिनकी लापरवाही के कारण सरकारी अस्पताल में जरूरी सेवाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं।

स्थानीय लोग और मरीजों ने इस समस्या को लेकर कई बार प्रशासन से शिकायत की है, लेकिन अब तक इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। महिलाओं और मरीजों की बढ़ती परेशानियों को देखते हुए, लोगों ने जल्द से जल्द सरकारी अस्पताल में सोनोग्राफी केंद्र को फिर से चालू करने की मांग की है।

# जल महोत्सव में पर्यटकों को मिलेगा पातालकोट की रसोई का स्वाद

## > बिर्रा की रोटी, महुए की पूड़ी और समा की खीर चखेंगे पर्यटक


**सौंसर.**

ज्वार, बाजरा, मक्के की रोटी चने की भाजी, महुए की रबड़ी, बरबटी के बड़े, कोदो और समा की खीर, चमाटर की चटनी...यह सब पारंपरिक व्यंजन जल महोत्सव में पर्यटकों को परोसे जाएंगे। जल महोत्सव में आने वाले पर्यटक गांवों में बने अचार, पापड़, बड़ी सहित अन्य घरेलू सामाग्री भी यहां से खरीद सकेंगे, इसकी व्यवस्था भी महोत्सव स्थल पर की जा रही है। जिला प्रशासन, मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड और जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के संयुक्त प्रयासों से माचागोरा डेम पर पहली बार हो रहे जल महोत्सव में रोमांचकारी गतिविधियां होंगी। जल महोत्सव 20 से 25 दिसंबर 2024 तक आयोजित होगा।



कलेक्टर शीलेंद्र सिंह व जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अग्रिम कुमार के कुशल मार्गदर्शन में हो रहे जल महोत्सव में आने वाले पर्यटकों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। यहां पर नाइट स्टे के लिए लगने वाले टेंट में गद्दे, तकिया और कंबल दिया जाएगा और पर्यटकों की पसंद का सादा व ग्रामीण परिवेश का भोजन परोसा जाएगा। दूर-दराज और शहर से आने वाले पर्यटक पातालकोट की रसोई का स्वाद भी ले सकेंगे। अन्न (मिलेट) पर आधारित आदिवासी पारंपरिक भोजन के स्टाल भी लगाए जा रहे हैं, जिसमें स्वादिष्ट देशी भोजन पर्यटक ले सकेंगे। इसके साथ ही चाय-नाश्ते सहित ग्रामीण अंचल में बने पापड़, अचार, बड़ी और अन्य देशी वस्तुएं भी स्टाल पर उपलब्ध होंगी, जो पर्यटक भुगतान करके खरीद सकेंगे। जल महोत्सव में सुरक्षा के हिसाब से दो रेस्क्यू टीमें, स्वास्थ्य टीम सहित भारी संख्या में पुलिस बल भी तैनात रहेगा। यहां उल्लेखनीय है कि छिंदवाड़ा जल महोत्सव माचागोरा डेम के पास बाम्हनवाड़ा गांव के जलक्षेत्र में आयोजित हो रहा है, जो 20 से 25 दिसंबर तक चलेगा। इस जल महोत्सव में वाटर एक्टिविटी होगी, जिसमें जेस्टकी, मोटर बोट, वाटर जॉरविंग, बनाना राईड, पैडल वोट शामिल है। ग्राउंड एक्टिविटी में कमांडो नेट, बाल क्लाईविंग, जिप लाइन, पैरासेलिंग, कैंपिंग होगी और एयर एक्टिविटी में टेम्पोलिन, आर्चरी,एयर गन शूटिंग को शामिल किया गया है।

चौरई में कार्निवाल आज माचागोरा जल महोत्सव के प्रचार-प्रसार और लोगों की सहभागिता के लिए चौरई में गुरुवार को कार्निवाल आयोजित होगा। कलेक्टर शीलेंद्र सिंह व जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अग्रिम कुमार की उपस्थिति में चौरई एसडीएम कार्यालय से दोपहर तीन बजे कार्निवाल की रंगारंग शुरुआत की जाएगी। इस अवसर पर चौरई क्षेत्र के गणमान्य जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है। चौरई और आस-पास के अंचल से आए लोक कलाकार इस कार्निवाल में अपनी प्रस्तुति देंगे, इस अवसर को यादगार बनाने के लिए आकर्षक रथ तैयार करवाया गया है और लोग तरह-तरह के मुखौटे पहनकर कार्निवाल में शिरकत करेंगे।

SPECTRUM

